तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया

तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया,
बलिहार रसिया दिलदार रसिया,
तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया...

बड़े भाग सखी सावन आयो,
सावन आयो सखी सावन आयो,
सखियों ने गाए मल्हार रसिया,
बलिहार रसिया दिलदार रसिया,
तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया...

मोर मुकुट माथे तिलक विराजे,
तिलक विराजे तिलक विराजे,
गले में पड़ी वनमाल रसिया,
बलिहार रसिया दिलदार रसिया,
तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया...

काली-काली अल्के सौ सौ बल खाए,
सौ सौ बल खाए सौ सौ बल खाए,
कानों में कुंडल लुभाय रसिया,
बलिहार रसिया दिलदार रसिया,
तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया...

बंसी बजाए कान्हा राधा को बुलाए,
राधा को बुलाए कान्हा राधा को बुलाए,
कब से खड़ा हूं तेरे द्वार रसिया,
बलिहार रसिया दिलदार रसिया,
तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया...

कनक के डोले में राधा जी विराजे,
राधा जी विराजे राधा जी विराजे,
झूला झुलाऊं घनश्याम रसिया,
बलिहार रसिया दिलदार रसिया,
तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया...

सावन गरजे मेघा बरसे,
मेघा बरसे मेघा बरसे,
ठीक है युगल सरकार रसिया,
बलिहार रसिया दिलदार रसिया,
तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया...

चंद्र सखी लखी युगल छवि को,
युगल छवि को युगल छवि को,

सौ सौ बार जाऊं बलिहार रसिया,
बलिहार रसिया दिलदार रसिया,
तेरे झूले पर जाऊं बलिहार रसिया...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27870/title/tere-jhule-par-jaau-balihar-rasiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |